हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम...




10 नीट परीक्षा में आर्यन के 581 अंक प्राप्त करने पर ..



## खबर संक्षेप

### 26 अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया

**जींद।** जिलाधीश एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने 26 व 27 जुलाई को जिला में होने वाली सीईटी परीक्षा के सफल संचालन के लिए 49 परीक्षा केंद्रों पर प्रातःकालीन व सायं कालीन के सत्र के लिए 26 अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसके अलावा छह अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के लिए रिजर्व में रखा गया है।

### नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**कैथल।** पूंडरी में नेशनल हाईवे 152-डी पर रात को सड़क हादसा हो गया। चंडीगढ़ से नारनौल जा रहे महेंद्रगढ़ के गांव नावा के तीन युवकों की कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो फौजी घायल हुए हैं। ट्रक को क्रॉस की कोशिश करते हादसा तब हुआ जब कार सवार साइड में जा रहे एक ट्रक को क्रॉस करने की कोशिश कर रहे थे।

### फुल पेमेंट एग्रीमेट कर हडपी राशि, मामला दर्ज

**जींद।** महिला के साथ प्लाट की सौदेबाजी कर राशि हड़पने तथा रजिस्ट्री करवाने से मना करने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शर्मा नगर निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विकास नगर निवासी राममेहर से प्लाट का सौदा किया था।

### कार की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** गांव कठवाड के निकट टक्कर मारकर युवक की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात का चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में गांव नरड के जय भगवान ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 23 जुलाई को जब उसका भाई श्यामलाल गांव के कावड़ियों के स्वागत के लिए टीक गया था। जैसे ही वह बाद दोपहर बाइक पर सवार होकर वापस आ रहा था।

### विदेश भेजने का झांसा देकर हड़पे लाखों रुपये

**जींद।** वर्क वीजा पर विदेश भेजने का झांसा देकर 15 लाख हड़पने तथा वीजा न लगने पर राशि लौटाने से मना करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी ललित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाने का इच्छूक था।

### गति अवरोध बनाने की मांग ने पकड़ा जोर

**राजौंद।** जींद रोड पर स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी के सामने गति अवरोध बनाने की मांग पिछले लंबे समय से कॉलोनी वासियों द्वारा की जा रही है। लेकिन संबंधित विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे लोगों में भारी रोष है। इस बारे वार्ड नंबर 6 निवासी सुभाष, शिव कुमार, राजेश, रामकुमार, सनी, पंकज, दर्शन, ईसम सिंह ने बताया कि यहां छोटे.छोटे बच्चे हर समय सड़क से गुजरते हैं।

### दस ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक चढ़े पुलिस हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने चमेला कालोनी में दो युवकों काबू कर उनके कब्जे से दस ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में दो गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में पीएसआई पंकज की टीम द्वारा करते हुए एक 15 वर्षीय नाबालिग को निरुद्ध करने के अतिरिक्त 21 वर्षीय आरोपी लवप्रीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

## सीईटी परीक्षा: ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षार्थियों के लिए भी की बसों की व्यवस्था

# अन्य जिलों में परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए संबंधित स्थानों पर होगी शटल बसों की सुविधा : डीसी

### परीक्षार्थियों के लिए दूसरे जिलों में जाने के लिए की बसों की समुचित व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीईटी परीक्षा देने वाले जिला के अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क व सुविधाजनक परिवहन के लिए हरियाणा रोडवेज द्वारा बसों की व्यवस्था की गई है। 26 व 27 जुलाई को होने वाली सुबह सत्र की परीक्षा के लिए बसें सुबह तीन बजकर 30 मिनट और सांय सत्र के लिए सुबह नौ बजे से चलनी शुरू हो जाएगीं। परीक्षार्थियों के लिए यह बसें जींद, नरवाना, सफीदों, जुलाना, उचाना, पिल्लूखेड़ा, नगूरां, बस अड्डों से चलेंगी। इसके साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भम्भेवा, उझाना, दनौदा, धमतान साहिब से भी बसें उपलब्ध करवाई जाएगी।

26 जुलाई को सुबह साढ़े तीन बजे बसें होंगी गंतव्यों की तरफ रवाना

डीसी मोहम्मद इरमान रजा ने बताया कि हरियाणा रोडवेज विभाग द्वारा शेड्यूल तैयार किया गया है। इसके अनुसार 26 जुलाई को सुबह व सांय के सत्र में होने वाली परीक्षा के लिए कुल 52252 परीक्षार्थियों के लिए 762 बसों व 27 जुलाई को 52010 परीक्षार्थियों के लिए भी 762 बसों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार अन्य जिलों से जींद में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आवागमन के लिए भी 60 शटल बसों की व्यवस्था की गई है और 10 बसों को रिजर्व में भी रखा गया है। इसके साथ-साथ कुछ रूटों पर बसों के संचालन के फेरे बढ़ाए गए हैं। इन कम किलोमीटर के रूटों पर यह बसें सुबह सत्र के बाद सांय के सत्र में भी जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को होने वाली प्रातः कालीन सत्र परीक्षा के लिए जींद से कैथल, करनाल, पानीपत व यमुनानगर के 9328 परीक्षार्थियों के लिए 156 बसों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार इन्हीं जिलों के 9400 परीक्षार्थियों की सायंकालीन परीक्षा के लिए 108 बसों की व्यवस्था की गई है। नरवाना से कैथल, करनाल, पानीपत के 6391 परीक्षार्थियों के सुबह सत्र के लिए 106, सायंकालीन सत्र के 6127 परीक्षार्थियों के लिए 70 बस, सफीदों से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 2107 परीक्षार्थियों के लिए 35 बस, सायं सत्र के 2103 परीक्षार्थियों के लिए 32 बस, जुलाना से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 2333 परीक्षार्थियों के लिए 38 बसए सायं सत्र के 2391 परीक्षार्थियों के लिए 38 बस, उचाना से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 2786 परीक्षार्थियों के लिए 46 बस, सायं सत्र के 2731 परीक्षार्थियों के लिए 45 बस, पिल्लूखेड़ा से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 812 परीक्षार्थियों के लिए 13 बस, सायं सत्र के 878 परीक्षार्थियों के लिए 13 बस, नगूरां से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 1413 परीक्षार्थियों के लिए 23 बस, सायं सत्र के 1437 परीक्षार्थियों के लिए दो बसों की व्यवस्था की गई है। 27 जुलाई को होने वाली प्रातः कालीन सत्र परीक्षा के लिए जींद से कैथल, करनाल, पानीपत के 9131 परीक्षार्थियों के लिए 151 बसों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार इन्हीं जिलों के 9134 परीक्षार्थियों की सायंकालीन परीक्षा के लिए 100 बसों की व्यवस्था की गई है। नरवाना से कैथल, करनाल, पानीपत के 6512 परीक्षार्थियों के सुबह सत्र के लिए 107, सायंकालीन सत्र के 6216 परीक्षार्थियों के लिए 68 बस, सफीदों से कैथल करनाल पानीपत के सुबह सत्र के 2020 परीक्षार्थियों के लिए 33 बस, सायं सत्र के 1983 परीक्षार्थियों के लिए 31 बस जुलाना से कैथल करनाल पानीपत के सुबह सत्र के 2448 परीक्षार्थियों के लिए 39 बस, सायं सत्र के 2331 परीक्षार्थियों के लिए 39 बस, उचाना से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 2791 परीक्षार्थियों के लिए 45 बस, सायं सत्र के 2765 परीक्षार्थियों के लिए 44 बस, पिल्लूखेड़ा से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 833 परीक्षार्थियों के लिए 14 बस, सायं सत्र के 863 परीक्षार्थियों के लिए 13 बस, नगूरां से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 1452 परीक्षार्थियों के लिए 24 बस, सायं सत्र के 1483 परीक्षार्थियों के लिए 17 बसों की व्यवस्था की है।




जींद। बस अड्डा।

#### हेल्पलाइन नंबर जारी

सीईटी परीक्षा में शटल बस व अन्य जानकारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। जिन पर परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिनमें हेल्पलाइन नम्बर 01681-245370, 9991574797, 9416094815, 9813080091, 9416516967, 9416663844, 9416017311, 7015269352 तथा 7988899847 शामिल हैं। इन सभी नंबरों से सम्पर्क कर बस सुविधा के लिए जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

#### रहेगी शटल बस की सुविधा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जींद से जो अभ्यर्थी सीईटी परीक्षा देने के लिए करनाल जाएंगे, उनकी बसों को करनाल पुलिस लाइन में पार्क करवाया जाएगा। वहां से परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के लिए शटल बस सर्विस उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन में ऑटो व ई रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जैसे ही परीक्षा खत्म होगी, शटल बस सर्विस अभ्यर्थियों को पुलिस लाईन में छोड़ेगी। वहां से अभ्यर्थी जींद के लिए वापिस रवाना होंगे। इसी प्रकार जींद जिला के जिन अभ्यर्थियों की कैथल जिला में परीक्षा होगी। उन परीक्षार्थियों को उनके सेंटर तक पहुंचाने के लिए आगे शटल बसों की व्यवस्था की गई है।

#### बसों की व्यवस्था की

बताया कि 26 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए भी परिवहन विभाग द्वारा बसों की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था के अनुसार भम्भेवा से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 299 परीक्षार्थियों के लिए 5 बस, सायं सत्र के 332 परीक्षार्थियों के लिए छह बस, उझाना से कैथल, करनाल, पानीपत के सुबह सत्र के 202 परीक्षार्थियों के लिए चार बस, सायं सत्र के 202 परीक्षार्थियों के लिए 4 बस दनोढा से कैथल करनाल पानीपत के सुबह सत्र के 218 परीक्षार्थियों के लिए 4 बस सायं सत्र के 208 परीक्षार्थियों के लिए 4 बस धमतान साहिब से कैथल करनाल पानीपत के सुबह सत्र के 243 परीक्षार्थियों के लिए 4 बस सायं सत्र के 285 परीक्षार्थियों के लिए 6 बसों की व्यवस्था की गई है।

#### पुलिस प्रशासन का सहयोग करें: एसपी

**जींद।** आगामी 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा सीईटी परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं नकल मुक्त संचालन हेतु पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले में कुल 49 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जहां अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी तथा पर्यवेक्षी अधिकारी तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू की गई है ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से परीक्षा स्थल के समीप प्रवेश न कर सके। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा केंद्र में मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण न लाएं। इन नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। आम नागरिकों व अभ्यर्थियों से अपील की जाती है कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## कैथल: सीईटी परीक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी: प्रीति

- 26 लोकेशन पर बनाए 33 परीक्षा केंद्र, 34 हजार 34 देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सीईटी परीक्षा का आयोजन 26 व 27 जुलाई को चार शिफ्टों में होगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके लिए जिला में 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर 34 हजार 34 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। 26 जुलाई को सुबह के सत्र में 8505 अभ्यर्थी, सायं कालीन सत्र में 8506 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार 27 जुलाई को सुबह के सत्र में 8511 अभ्यर्थी, सायं कालीन सत्र में 8512 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को शांति पूर्ण, निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने को लेकर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं वहीं फ्लाईंग स्क्वायड की टीमें गठित की गई हैं। परीक्षा केंद्र की 200 मीटर की परिधि में धारा 163 लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। अखिल भारतीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढांड रोड कैथल, आर्यन इंटरनेशनल स्कूल ढांड रोड कैथल, इंडस पब्लिक स्कूल ढांड रोड कैथल, दिल्ली पब्लिक स्कूल अंबाला रोड कैथल, डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय कॉलेज गांव जगदीशपुरा अंबाला रोड कैथल, हिंदू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला रोड कैथल, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल तलाई बाजार कैथल, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल, गुरु तेग बहादुर खालसा पब्लिक स्कूल नानकपुरी कॉलोनी खुराना रोड कैथल, हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल बॉयज नजदीक रणधीर सिनेमा कैथल, इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय करनाल रोड कैथल, इंदिरा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढांड रोड कैथल, जाट कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन करनाल रोड कैथल, जाट कॉलेज करनाल रोड कैथल, जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल करनाल रोड कैथल, जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल, जवाहर नवोदय विद्यालय गांव तितरम जींद रोड कैथल, एमडीएन ग्लोबल स्कूल गुलमोहर सिटी के पीछे डयोढ़ खेड़ी कैथल, सन शाइन पब्लिक स्कूल जींद रोड कैथल, ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल खुराना रोड कैथल, शैम रॉक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खुराना रोड कैथल, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल खुराना रोड कैथल, आरकेएसडी कॉलेज अंबाला रोड कैथल, आरके पब्लिक स्कूल कैथल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा कैथल, राधाकृष्णन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नई अनाज मंडी कैथल में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

#### दस क्लस्टर में बांटा जिला

डीसी प्रीति ने बताया कि कैथल जिला वासियों के परीक्षा केंद्र पंचकूला व चंडीगढ़ में बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों को ले जाने व वापस लाने के लिए स्पेशल बसों की व्यवस्था की गई है। जिले को 10 क्लस्टर में बांटा गया है। इसमें पूंडरी, ढांड, कैथल, राजौंद, कलायत, चीका, कसान, सांघन, सीवन तथा पाई शामिल हैं। जहां से 26 जुलाई को सुबह 3 बजे से बसें पंचकूला व चंडीगढ़ के लिए रवाना होनी शुरू हो जाएंगी। चंडीगढ़ में आईएसबीटी बस स्टैंड सेक्टर 17 के पीछे ग्राउंड में परीक्षार्थियों को छोड़ेंगी, जहां से आगे शटल बसें परीक्षा केंद्र तक लेकर जाएंगी। इसी प्रकार पंचकूला में धरना स्थल सेक्टर 5 पंचकूला व बस स्टैंड पंचकूला के पीछे ग्राउंड में बसों की व्यवस्था की गई है।

## एमटीपी एक्ट का अनुपालन अनिवार्यः सीएमओ

- एमटीपी एक्ट के तहत पंजीकृत न होने की स्थिति में किया गर्भपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग कन्या भ्रूण हत्या के प्रति गंभीरता को देखते एक विशेष अभियान संचालित कर रहा है। अभियान के अंतर्गत सभी गर्भपात और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) मामलों की रिवर्स ट्रैकिंग की जा रही है। रिवर्स ट्रैकिंग के दौरान सामने आया कि बालाजी मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल, जो कि एमटीपी के लिए पंजीकृत नहीं है, में एक महिला का गर्भपात किया गया। त्वरित कार्रवाई करते स्वास्थ्य विभाग ने उक्त अस्पताल की जांच की, जिसमें पाया कि केंद्र को गर्भपात के लिए मान्यता प्राप्त नहीं थी, फिर भी गर्भपात किया गया। एमटीपी एक्ट का स्पष्ट उल्लंघन है। स्वास्थ्य विभागने नियमानुसार कार्रवाई करते संबंधित अस्पताल के खिलाफ एमटीपी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि जिले में होने वाले प्रत्येक गर्भपात की जांच की जाती है, विशेष रूप से उन मामलों में जहां लिंग जांच से संबंधित संदेह हो, जैसे कि ऐसे परिवार जहां पहले केवल लड़की ही है। फील्ड स्तर पर रिवर्स ट्रैकिंग के माध्यम से यह जानकारी एकत्र की जाती है कि अल्ट्रासाउंड कहां हुआ और गर्भपात किस केंद्र पर किया गया। साथ ही, यह भी देखा जाता है कि संबंधित केंद्र गर्भपात के लिए अधिकृत है या नहीं। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि एमटीपी एक्ट के तहत केवल पंजीकृत और अधिकृत केंद्र ही महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। इन केंद्रों का सघन जांच के बाद विभिन्न श्रेणियों में पंजीकरण किया जाता है, जो एक्ट के प्रावधानों और विशेषज्ञों के मानकों पर आधारित होता है। गैर-पंजीकृत केंद्रों में गर्भपात न केवल महिलाओं के जीवन को जोखिम में डालता है, बल्कि यह भी संदेह उत्पन्न करता है कि ऐसा गर्भपात कन्या भ्रूण हत्या से संबंधित हो सकता है। सभी केंद्रों के लिए एमटीपी एक्ट का अनुपालन अनिवार्य है।

### जमीन की सौदेबाजी कर साढ़े 36 लाख रुपये हड़पे, केस दर्ज

**जींद।** जमीन की सौदेबाजी कर साढ़े 36 लाख रुपये हडपने तथा उसी जमीन का सौदा दूसरी पार्टी के साथ करने का मामला सामने आया है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मालश्रीखेड़ा निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव भंभेवा निवासी जयबीर से 25 कनाल पांच मरले जमीन का सौदा साढ़े 36 लाख रुपये में किया था। राशि का भुगतान फूल पेमेंट एग्रीमेंट कर लिया गया। जिसके साथ जमीन की रजिस्ट्री करवाने का समय भी निर्धारित किया था। बावजूद इसके आरोपित ने जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम करवाने की बजाय दूसरी पार्टी के साथ उसी जमीन का सौदा कर लिया। जब उसने आरोपित से रजिस्ट्री के लिए बोला तो वह आनाकानी करने लगा। राशि को लौटाने से भी मना कर दिया। जब उसने राशि के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने उसे चैक दिए जो बैंक में लगाए जाने पर बाउंस हो गए।

## तीन पिस्तौल तथा तीन जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने गांव बिरौली के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना पुलिस अवैध असलहा के साथ पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बिरौली के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव बिरौली निवासी बिट्टू के रूप में हुई। सदर थाना पुलिस ने बिट्टू के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपित अवैध असलाह को कहां से लेकर आया था। असलहा रखने के पीछे उद्देश्य क्या था, आगे असलाह कहां स्पलाई किया जाना था के बारे मे पूछताछ कर रही है।



जींद। अवैध असलहा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### सीएम फ्लाइंग ने पिल्लूखेड़ा इलाके में खाद- बीज दुकानों पर मारे छापे

# जींद: दो दुकानों पर दुरूस्त नहीं मिला रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने वीरवार को पिल्लूखेड़ा तथा गांव भागखेड़ा में चार खाद बीज की दुकानों पर छापेमारी की। सीएम फ्लाइंग ने दो दुकानों का रिकार्ड दुरूस्त न पाए जाने तथा पीओएस मशीन में दिक्कत पाए जाने पर उनके लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है। जांच की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी गई है। आगामी कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को शिकायत मिली थी कि पिल्लूखेड़ा इलाके में खाद बीज को लेकर लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सहायक सब इंसपेक्टर सतपाल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें सहायक सब इंसपेक्टर चरण सिंह को भी शामिलa किया गया। टीम में कृषि विभाग के एसडीओ सुशील कुमार, क्वालिटी इंसपेक्टर नरेंद्रपाल को भी शामिल किया गया। टीम ने पिल्लूखेड़ा में तीन दुकानों पर दस्तक दी और खाद, बीज के रिकार्ड को खंगाला। देशवालखाद बीज की दुकान पर खाद बीज को लेकर रजिस्टर दुरूस्त नही मिला तथा मशीन में भी दिक्कत पाई गई। जिसके बाद टीम ने गांव भागखेड़ा में देव खाद बीज की दुकान पर दस्तक दी। जिसमें रजिस्टर दुरूस्त नही मिला। पीओएस मशीन मे दिक्कत पाई गई। स्टॉक का भी कोई रिकार्ड नही था। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग ने दोनों दुकानों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश कृषि विभाग से की है। सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि खाद तथा बीज की दुकानों पर छापेमारी की गई थी। दो दुकानों पर रिकार्ड दुरूस्त नही मिला और मशीन भी सही नही थी।



जींद। स्टॉक जांचते टीम सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

## रेलवे डीआरएम पहुंचे जींद जंक्शन, नहीं किया निरीक्षण, रोहतक की तरफ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई दिल्ली डीआरएम वीरवार को जींद जंक्शन पहुंचे। वह जंक्शन पर दस मिनट रूके, लेकिन अपनी स्पेशल बोगी से नीचे नहीं उतरे। इसके बाद वह रोहतक की तरफ रवाना हो गए। वीरवार को डीआरएम पुष्पेश आर त्रिपाठी का रेलवे जंक्शन पर बन रहे नए भवन का निरीक्षण करना था। इसको लेकर रेलवे अधिकारियों ने पूरी तैयारियां की हुई थी। दोपहर सवा एक बजे के लगभग डीआरएम की स्पेशल बोगी जंक्शन पर आकर रूकी। डीआरएम सोनीपत से वाया गोहाना होते हुए जींद पहुंचे थे, लेकिन वह नीचे नहीं उतरे। उन्होंने स्पेशल बोगी में ही अधिकारियों से मुलाकात की। डीआरएम पुष्पेश आर त्रिपाठी की यह ब्रांच का निरीक्षण था। सोनीपत-जींद रेललाइन पर बारिश होने के कारण कई जगह मिट्टी का कटाव हो गया था। इससे हादसा होने का अंदेशा बना हुआ था। इसको लेकर रेल मैनेजरों ने मिट्टी के कटाव की फोटो लेकर रेलवे के उच्च अधिकारियों के व्हाटसअप गुरपों में भेज दी थी, जिसके बाद डीआरएम ने इस ट्रैक का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मिट्टी कटाव वाली जगहों का मुआयना कर वहां खामी को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### एसडीओ के खिलाफ यूनियन ने दिया धरना

**जींद।** आल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन और अनुबंधित कर्मचारी संघ ने मिलकर सब यूनिट नंबर 1 जींद का धरना तीसरे दिन में प्रवेश कर गया। इसमें उपमंडल अधिकारी द्वारा 33केवी संगतपुरा इंचार्ज से किए गए ऑफिस ऑर्डर रद्द करने के खिलाफ और हरीश लाइनमैन के ऑर्डर करवाने के बारे में धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता राजीव जुलानी ने की।

### डायरिया व मलेरिया से बचाव ही समाधान

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि डायरिया व मलेरिया से बचाव ही इसका समाधान है, इसके लिए जरूरी है कि हम इन बिमारियों के फैलने वाली चीजों से सावधानी बरतें। बरसात के मौसम में होने वाली इन बिमारियों से लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा जल संरक्षण के साथ-साथ यह अभियान चलाया जा रहा है।

### सहायता समिति का किया गया गठन

**जींद।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) सार्थक कोहली ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 23 मार्च को एकमुश्त निपटान योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य कारोबारियों को वित्तीय दबाव से मुक्त कर उन्हें पारदर्शी और सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करना है। योजना के तहत करदाताओं को उनके बकाया कर की राशि के आधार पर विभिन्न स्तरों पर राहत दी जाएगी।

### अभियान के तहत पौधरोपण किया

**जींद।** महिला एवं बाल विकास कार्यालय पिल्लूखेड़ा में महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी मिनाक्षी बूरा व भाजपा जिला सचवि अनीता ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान अनिता ने कहा कि 75वें पर्यावरण संरक्षण महोत्सव के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई थी।

### कढी चावल और जलेबी का भंडारा लगाया

**नरवाना।** भगवती क्लब नरवाना की और से वीरवार को आमावस्य के शुभ अवसर पर सनातन धर्म मन्दिर में कढ़ी चावला व जलेबी का 89 वाँ भंडारा लगाया जिसमें सेवा देने के लिए क्लब के प्रधान राकेश गर्ग उपप्रधान जोनी सिंगला अनुप आदि मैम्बरों ने बखूब सेवा की और क्लब के उपप्रधान जोनी ने बताया की 27 को नरवाना भगवती क्लब की और से महाराज अग्रसेन चौंक से सुबह 05:30 बजे माँ बनभौरी धाम के दर्शनों के लिए निशुल्क बस को ले जाया जाएगा।

### बेलरखा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नरवाना।** हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में बाल विवाह की रोकथाम के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया की इस अवसर पर कक्षा 11वीं की छात्रा सुनैना ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को सामूहिक रूप से बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई।

### आजाद और बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय में चंद्रशेखर आजाद और बाल गंगाधर तिलक लोकमान्य तिलकद्ध की जयंती मनाई गई। आजाद की जीवनी पर रामकेश ने प्रकाश डाला और बाल गंगाधर तिलक जयंती एवं शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में जोगिंदर ने वंदना सभा में सभी को प्रेरित किया। जोगिंदर ने वंदना सभा में बताया कि वीर पुत्रों क्रांतिकारियों स्वराज के मजबूत स्तंभों ने समय-समय पर भारत माता के गौरव को बढ़ाते हुए प्राणों का बलिदान देकर विजय की अमिट कहानी लिखी।

### हत्या के मामले में दूसरा आरोपी दबोचा

**जुलाना।** टीम ने गांव लिजवाना खुर्द में युवक की हत्या के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित की पहचान फतेहगढ़ गांव निवासी आशीष के रूप में बताई है।

---

### विवि के 12वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षामंत्री

# विकसित भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा सीआरएसयू : ढांडा

### वर्ष 2014 में विवि के रूप में लगाया गया पौधा निरंतर प्रगति कर रहा: वीसी

**सीआरएसयू जींद शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और परंपरा का जीवंत उदाहरण: शिक्षा मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) ने वीरवार को अपने 12वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया। इसमें शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में चौधरी रणबीर सिंह की प्रतिमा एवं शहीद कैप्टन पवन कुमार स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य कार्यक्रम शैक्षणिक भवन सीवी रमन सभागार में हुआ। जिसकी शुरुआत दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विवि कुलगीत की प्रस्तुति के उपरांत कुलगुरु प्रो. डा. राम पाल सैनी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विवि की यात्रा 2014-2025 पर आधारित विवि डॉक्यूमेंट्री की प्रस्तुति विवि जनसंपर्क निदेशालय द्वारा प्रस्तुत की। मुख्यअतिथि महिपाल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि स्थापना दिवस केवल किसी संस्थान की शुरुआत का उत्सव नही बल्कि उसकी उपलब्धियों पर विचार करने और उज्जवल भविष्य के लिए दिशा तय करने का अवसर है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री के रूप में मुझे इस बात पर गर्व है कि यह विश्वविद्यालय युवाओं के भविष्य को संवारने और राष्ट्र एवं प्रदेश की प्रगति में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीआरएसयू जींद शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और परंपरा का जीवंत उदाहरण है। आने वाले समय में भारत सरकार और हरियाणा सरकार जैसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना कर रही हैं। उसमें यह विश्वविद्यालय प्रो रामपाल सैनी के नेतृत्व में एक अग्रणी भूमिका निभाएगा। यह संस्थान शोध के क्षेत्र में वैश्विक स्तर की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने वाली संस्था बनकर उभरेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली को पुनर्परिभाषित कर रही है और मुझे पूरा विश्वास है कि यह विश्वविद्यालय इस परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त भागीदार बनेगा। विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में सीआरएसयू अग्रणी भूमिका निभाएगा।



जींद। स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 में इस विश्वविद्यालय के रूप में लगाया गया यह पौधा निरंतर प्रगति कर रहा है। विश्वविद्यालय 2014 में स्थापित हुआ उस समय यहां सात डिपार्टमेंट और केवल चार शिक्षक थे। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में 28 विभाग और 44 प्रोग्राम है जिसमें पांच में शोध कार्यक्रम संचालित है। 2014 में 500 विद्यार्थी से हुई शुरुआत अब पांच हजार से भी ज्यादा विद्यार्थी यहां उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और जिसमें 70 प्रतिशत से ज्यादा छात्राएं संस्थान से ज्ञान अर्जित कर रही है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत कुल 156 महाविद्यालय हैं। जिसमें से 138 एजुकेशन कॉलेज और 18 डिग्री कॉलेज हैं जिनमें 35 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। हमारे शिक्षकों एवं शोधार्थियों के द्वारा लिखे गए विभिन्न शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध प्रकाशनों में प्रकाशित हुए हैं। हमारे शिक्षकों ने 10 पेटेंट्स भी फाइल किए हैं। हमारे विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका को 30 लाख रुपये की ग्रांट भारत सरकार से प्राप्त हुई है एवं उनका नाम विश्व के दो प्रतिशत साइंटिस्ट की सूची में है। विश्वविद्यालय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में चौथे नंबर पर रहा और हरियाणा राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हमारे खिलाडियों ने पांच भीम अवार्ड और एक अर्जुन अवार्ड अपने नाम किए हैं। हमारा युवा एवं सांस्कृतिक विभाग निदेशालय विद्यार्थियों को हरियाणा की सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपरा से रूबरू करवाने के लिए समय समय पर विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करता रहा है। हमारे 200 से अधिक विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ है।

---

# नीट परीक्षा में आर्यन को 581 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सुधीर को सम्मानित करते हुए।

एसपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें होनहार छात्र आर्यन पुत्र सुधीर कुमार जिसने नीट 2025 की परीक्षा में 581 अंक प्राप्त करके शेड्यूल कास्ट कैटेगरी में 2000 रैंक प्राप्त किया व एमबीबीएस में एडमिशन पक्का किया। मुख्यअतिथि स्कूल के अध्यक्ष बीएस गर्ग थे एवं अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल सुरेंद्र शर्मा ने की। बीएस गर्ग ने आर्यन के अनुशासन, मेहनत, लगन और एकाग्रता की प्रशंसा की और कहा कि जीवन में दृढ़ निश्चय, मेहनत और लगन से बड़े से बड़ा लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। जो बच्चे अनुशासन में रहकर एकाग्रता से मेहनत करते हैं वह जिंदगी में कभी असफल नही होते और अगर हम अपने जीवन में सफल होना चाहते है तो हमें अपनी नियमित पढ़ाई के साथ-साथ सोशल मीडिया से भी दूरी बनाकर रखनी होगी। विद्यालय के प्रिंसिपल सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी बच्चों को आर्यन से प्रेरणा लेकर अच्छे से अपनी तैयारी करनी चाहिए। इस अवसर पर आर्यन के पिता सुधीर कुमार और सभी 11वीं, 12वीं के स्टूडेंट और सभी स्टाफ मेंबर उपस्थित थे।


जींद। जनता दरबार में शिकायतें सुनते डिप्टी स्पीकर। फोटो :हरिभूमि

### आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका प्रत्येक पात्र व्यक्ति को घर बैठे लाभ दिया जा रहा है। अगस्त माह में मेडिकल कॉलेज में ओपीडी चालू करवा दी जाएगी। इस ओपीडी के चालू होने से जिला ही नहीं बल्कि नजदीक लगते क्षेत्र के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका त्वरित आधार पर समाधान करवाना सुनिशिचत करें। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जनता दरबार लगा कर आमजन की शिकायतें सुन रहे थे। जनता दरबार में सेवा पुत्र रामफल गांव मोहनगढ़ द्वारा गली का लेवल ठीक करने बारे व गंदे पानी की निकासी करवाने बारे शिकायत रखी।

### निवेश में मोटे मुनाफे का झांसा दे 2.21 करोड़ हडपे

**जींद।** अपनी फर्मों में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर दो करोड़ 21 लाख रुपये हडपने पर जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नंदगढ़ निवासी रामशरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही राहुल व उसके परिजनों की मार्फत उसकी जान-पहचान गांव मेहंदा गढी निवासी मोहित से हुई। आरोपितों ने बताया कि उनकी आधा दर्जन फर्म मुंबई, रोहतक समेत अन्य स्थानों पर चल रही है। जिनमें निवेश करने पर अच्छा मुनाफा दिला सकते हैं। आरोपितों के मुनाफे में आकर उसने फरवरी 2020 से लेकर 14 मई 2024 तक उनकी फर्मों में निवेश किया और दो करोड़ 21 लाख 32 हजार 700 रुपये की राशि को हडप लिया। इस दौरान आरोपितों ने 16 लाख रुपये का मुनाफा भी दिया।

### अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**जींद।** हरियाणा के सभी 22 जिलों में अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां कीहैं। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल द्वारा ये नियुक्तियां की हैं। इन नियुक्तियों में रामरतन गर्ग को अंबालाए अंकुर चौधरी को भिवानी, बलराम गुप्ता को चरखी दादरी, लवकेश सिंगला को फरीदाबाद, सुशील कुमार बंसल को फतेहाबाद, राजीव मित्तल को गुरूग्राम का प्रधान नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ पवन मित्तल को हिसार, पवन जैन को झज्जर, रामकुमार बंसल को कैथल, ज्ञान चंद गर्ग को करनाल, मुनीष मित्तल को कुरुक्षेत्र, उमाशंकर गोयल को महेंद्रगढ़ के प्रधान की जिम्मेवारी दी गई है। गोरी शंकर मंगला को नूहं, प्रकाश चंद गोयल को पलवल, राजीव गुप्ता को पंचकूला, ओम प्रकाश तायल को पानीपत, मुकेश महाजन को रेवाड़ी, अजय गर्ग को रोहतक का प्रधान, सतीश बंसल को सिरसा, पवन गुप्ता को सोनीपत व पंकज मित्तल को यमुनानगर का जिला प्रधान नियुक्त किया गया है। गोयल ने सभी नव नियुक्त जिला प्रधानों को शुभकामनाएं दी।


हरियाणा के सभी 22 जिला अध्यक्षों की घोषणा करते राजकुमार गोयल।



नरवाना। यातायात नियमों की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यातायात नियमों की जानकारी दी

**नरवाना।** नरवाना के फुलिया कलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यातायात पुलिस की टीम यातायात पुलिस उपनिरीक्षक सतपाल सिंह के नेतृत्व में पहुंची और स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी।हैड कांस्टेबल भीम सिंह बागड़ी ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया कि कैसे वो यातायात नियमों का पालन करके अपनी और अपने मिलने वालों की जीवन की रक्षा कर सकते हैं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना क्यों जरूरी है अपने साथ दोस्तों को भी जानकारी देना जरूरी है।इस अवसर पर उनके साथ राजेश कुमार एस पी ओए विजय कुमारए स्कूल के प्रिंसिपल ओमप्रकाश आर्यए सरपंच मदन सिंह फुलिया कलांए सरपंच दिनेश कुमार फुलिया खुर्दए विष्णु नैनए राजेश कुमार व जयभगवान ठेकेदार उपस्थित रहे।

### बेटी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया

**नरवाना।** नरवाना नगर परिषद सभापति मुकेश मिर्धा की लाडली बेटी खुशी का जन्म दिन उनके निवास स्थान पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें जिला नगर आयुक्त सुरेन्द्र सिंहए जिला भाजपा अध्यक्ष तजेंद्र ढुल उप.सचिव नगर परिषद नरवाना जसबीर नैनए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कोहाड पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला अमित सरपंच धरोदी डॉ प्रदीप आस्था अस्पताल हरियाणा एस एस बोर्ड के पूर्व सदस्य लक्ष्मण मिर्धा खुशी के दादा नगर परिषद के कर्मचारी गण व नरवाना के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ओर खुशी? बिटिया को आशीर्वाद दिया ओर उसके जीवन की मंगलकामना ओर बधाई दी।खुशी के दादा लक्ष्मण मिर्धा ने इस अवसर पर पहुंचे सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।


नरवाना। जन्म दिन मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कमेटी किसानों की समस्यायों को लेकर एसडीएम से मिली

**नरवाना।** वीरवार को बदोवाल टोल कमेटी किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम नरवाना से मिली और इलाके के अंदर जो किसानों की समस्याएं हैं उनको प्रमुखता से रखा जिसमें यूरिया और डीएपी की समस्या को लेकर अवगत कराया और नकली बीज व खाद के बारे में भी चर्चा हुई और एस डी एम को इसके बारे में अवगत कराया गया।कमेटी के सदस्यों ने आगे कहा कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान जल्दी से नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। नरवाना के एसडीएम जगदीश चन्द्र ने बदोवाल टोल कमेटी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जायेगा। इस मौके पर होशियार खरलए दलशेर ढाकलएगुरमेल वकीलए चन्द्र भाल वकीलएसुनील बदोवाल आदि किसान नेता मौजूद रहे।



जींद। शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### एडीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**जींद।** प्रदेशभर में चल रहे समाधान शिविर आमजन की समस्याओं को नजदीक से सुनने और हल करने का कारगर माध्यम बनते जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे ये शिविर नागरिकों में भरोसे और राहत का अहसास करा रहे हैं। गुरुवार को एडीसी विवेक आर्य ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मिल कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और तत्परता के साथ समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कुल आठ शिकायतें सामने आई। जिनमें से कई मामले पेंशनए पीपीपी और भूमि से जुड़ी हुई थी। एडीसी विवेक आर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 60 दिन से ज्यादा समय से लंबित किसी भी शिकायत को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

# कर्मचारियों ने जॉब सुरक्षा पत्र को लेकर शिक्षामंत्री को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर विश्वविद्यालय जींद की स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को सीआरएसयू में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों ने गुरूवार को अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जॉब सुरक्षा पत्र को लेकर कर्मचारियों ने यह कहा कि हरियाणा सरकार ने अब तक किसी भी में विश्वविद्यालय जॉब सुरक्षा पत्र जारी करने के आदेश नहीं दिए हैं। विश्वविद्यालय में कार्यरत एचकेआरएन कर्मचारियों के भी जॉब सुरक्षा पत्र जल्द से जल्द जारी किए जाने चाहिए। कर्मचारियों ने यह भी सवाल उठाया कि अबतक कोई एसओपी जारी नहीं की गई है, जो कर्मचारियों के कामकाजी हालातों को स्पष्ट कर सके। एसओपी के जल्द जारी होने की आवश्यकता पर बल दिया जाए। मंत्री ढांडा ने आश्वासन देते कहा कि विवि में कार्यरत कर्मचारियों को हरियाणा सरकार जल्द से जल्द जॉब सुरक्षा पत्र जारी किए जाएंगे।


जींद। शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते कर्मी। फोटो :हरिभूमि


उचाना। लक्ष्य गोल्ड, आर्यन सिल्वर, अनुज ब्रॉज मेडल के साथ। फोटो :हरिभूमि

### वुशु में तीन भाइयों ने जीते मेडल

**उचाना।** उचाना के भौंगरा गांव के तीन भाइयों ने रोहतक में 22 से 24 जुलाई को हुई वुशु स्टेट चैंपियनशिप में अपना दम दिखाया है। लक्ष्य ने गोल्ड मेडल, आरयन ने सिल्वर मेडल व अनुज ने ब्रॉज मेडल जीत कर बांगर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लक्ष्य के पिता जगबीर फौजी व आरयन व अनुज के पिता रणधीर फौजी दोनों भाई हैं। लक्ष्य इससे पहले अंबाला में हुई वुशु स्टेट चैंपियनशिप में भी ब्रॉज मेडल अपने नाम कर चुके हैं। लक्ष्य का देश के लिए गोल्ड लाने का सपना है। इसके लिए वे दिनरात मेहनत कर रहे हैं। लक्ष्य पिछले डेढ़ साल से शहीद राममेहर वुशु खेल नर्सरी में अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं। वहां वूशु कोच बिट्टू एनआईएस सुबह व शाम मेहनत करवाते हैं। पूरे जींद जिला में वूशु के बिट्टू समेत केवल दो ही कोच हैं। लक्ष्य ने इस जीत का श्रेय अपने कोच बिट्टू व अपने स्कूल अध्यापकों को दिया है। उन्होंने कहा कि इस मेहनत के लिए उनके माता.पिता अक्सर उन्हें प्रेरित करते रहते हैं। अगर उन्हें खेल नर्सरी में और भी सुविधा मिलती है तो उनके साथ गांव के और भी बच्चे प्रैक्टिस कर सकेंगे।

### सीआईडी तथा सीएम फ्लाइंग ने चलाया संयुक्त पौधरोपण अभियान

# पेड़ों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान: पवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पांडू पिंडारा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सीआईडी यूनिट तथा सीएम फ्लाइंग के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को पौधा रोपण अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार शामिल हुए। इस मौके पर सीआईडी के डीआई निरीक्षक रामनिवास तथा अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। अभियान के तहत परिसर में छायादार, फल वाले तथा औषधीय पौधे लगाए गए। डीएसपी पवन कुमार ने कहा कि पौधा रोपण करके ही पर्यावरण को शुद्ध बनाया जा सकता है, इसलिए सभी को चाहिए कि वह पौधारोपण करके पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दें। पौधा लगाने से काम समाप्त नही हो जाता है। जब तक पौधा पेड़ का रूप नहीं ले लेता, तब तक उसकी देखभाल जरूरी है। आज पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते हर वर्ग के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पौधारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव जीवन और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अनिवार्य है। पेड़ पौधे उस हवा को बेहतर बनाते हैं, जिसमे हम सांस लेते हैं। इसलिए पेड़-पौधों का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण योगदान है। क्योंकि पेड़-पौधे हमें आश्रय प्रदान करते हैं। पेड़-पौधों का मनुष्य स्वास्थ्य के साथ-साथ औषधियों में भी महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़-पौधों में औषधि बनाने की जड़ी बूटियां पाई जाती हैं। जिससे विभिन प्रकार की दवाई बनाई जाती है। पेड़- पौधे लगाने से अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध ही नहीं बल्कि सुंदर भी बनाया जा सकता है। इसलिए पौधरोपण करके उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमें लेनी होगी। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह एक-एक पौधा अवश्य लगाएं ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। पर्यावरण संरक्षण इसलिए जरूरी है कि पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड सोख कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। साथ ही पेड़ मिट्टी में जल धारण करने में मदद करते हैं और भूजल स्तर बढ़ाते हैं और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं।


जींद। पौधरोपण करते खूफिया विंग के सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। महाविद्यालय में एडमिशन लेने के लिए आई छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### एडमिशन प्रक्रिया जारी

**जींद।** छोटू राम किसान कालेज शिक्षा के क्षेत्र में 1972 से सेवाएं दे रहा है। के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने बताया कि बीए, बीकॉम प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के प्रवेश सुचारू रुप से चल रहे हैं। कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में 39 सब्जेक्ट कांबिनेशन का इस प्रकार से चुनाव किया है ताकि विद्यार्थी भविष्य में स्नातकोत्तर शिक्षा के साथ-साथ सिविल सेवा, सीजीएल, सुरक्षा, अध्यापन सेवाओं के अलावा अन्य अनेक सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में जा सकें। कॉलेज में बच्चों के सर्वागीण व तकनीकी विकास के लिए पांच स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए गए हैं। डा. सतिंदर ने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ विद्यार्थियों को एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक व खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। कॉलेज में नियमित कक्षाएं तथा अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। ऑनलाइन कमेटी के इंचार्ज डा. राजीव सिंधु ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने अभीतक कहीं भी बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष में आवेदन नही किया है और जो प्रवेश लेना चाहते हैं वे छोटूराम किसान कॉलेज में व्यक्तिगत तौर पर आकर रिक्त सीटों पर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप


कैथल। एसडीओ सतीश नारा किसानों को जागरूक करते हुए।

### फसल बचाव के लिए किसानों को किया प्रेरित

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डॉ बाबू लाल ने बताया कि उपमंडल कृषि अधिकारी, कैथल डॉ. सतीश नारा के नेतृत्व में विभिन्न टीमें गांवों में किसानों के खेतों का निरीक्षण कर रही हैं तथा धान में बौने पौधे की बीमारी से बचाव बारे किसानों को जागरूक किया जा रहा है। धान में बौने पौधे नामक बीमारी फैली हुई है, जिसके मुख्य लक्षण पौधों की बढ़वार रूक जाती है, पत्तियां पतली, व समय से पहले खेत सूखने लग जाता है। इसलिए किसान सुबह-शाम अपने खेतों की निगरानी करें।


कैथल। वृक्षारोपण करते आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्य।

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने किया वृक्षारोपण

**कैथल।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जानकारी देते हुए आचार्य अल्पना मित्तल एवं भारत खुराना ने बताया कि सावन मास और शिवरात्रि के उपलक्ष में श्री श्री रवि शंकर द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों ने कपिस्थल आश्रम व खानपुर स्टेडियम के ग्राउंड में 300-400 पौधें लगाए। इसमें अनेक तरह के फल और फ़ूलों के पेड़- पौधे शामिल थे। संस्था ने न केवल पौधे लगाए बल्कि 1 साल के लिए उनकी देख-रेख की भी जिम्मेदारी ली।

### किठाना स्कूल में माडल एग्जीबिशन का आयोजन

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल में माडल एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इस प्रदर्शनी में सिर्फ विज्ञान के छात्र ही नहीं,बल्कि कामर्स और दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भी पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। यह एग्जीबिशन चौथी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। बच्चों ने अपने-अपने मॉडल बनाकर न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, बल्कि उन्हें विस्तार से समझाया और प्रस्तुत भी किया।

### ग्रामीणों ने विधायक सतपाल जांबा का फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया

# गांव कौल में रोड राजा चौक का भूमि पूजन

- विधायक सतपाल जांबा ने नारियल फोड़कर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ढांड

गांव कौल में भारत का पहला /"रोड राजा चौक/" बनने जा रहा है। वीरवार को इस ऐतिहासिक स्थल का भूमि पूजन पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढती तथा समस्त रोड बिरादरी के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक सतपाल जांबा का फूल-मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत विधायक ने नारियल फोड़कर विधिवत भूमि पूजन की प्रक्रिया शुरू की। विधायक सतपाल जांबा ने इस अवसर पर कहा कि समाज के सहयोग से यह चौक देश में रोड बिरादरी की पहचान और सम्मान का प्रतीक बनेगा। उन्होंने बताया कि यह चौक 8 बाई 8 फीट का बनकर तैयार होगा, जहाँ 6 फीट ऊंची भव्य रोड राजा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा, /"हमेशा से हम रोड राजा रहे हैं और रहेंगे। कुछ लोग भयभीत जरूर हुए थे, लेकिन आज समाज की एकता और संकल्प ने इस ऐतिहासिक पहल को संभव बनाया है।/" इस दौरान उन्होंने आगामी 2 अगस्त को गांव कौल की अनाज मंडी में आयोजित 'बादली बलिदान दिवस' में समाज के सभी लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि कौल गांव के सेंटर प्वाइंट को /"रोड राजा चौक/" के रूप में चयन करना एक दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने कहा, /"यह स्थान क्रॉसिंग पॉइंट है, जहाँ आने-जाने वाले लोग प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, साथ ही यहां एक्सीडेंट की संभावना भी कम होगी।/" सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढती ने कहा, /"यह मेरे कार्यकाल और विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में शुरू हुआ ऐतिहासिक कार्य है, जो पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। यह चौक न केवल रोड बिरादरी की पहचान को मजबूत करेगा, बल्कि सामाजिक एकता और गौरव का प्रतीक भी बनेगा। इस मौके पर रोड बिरादरी के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।


ढांड। विधायक सतपाल जाबा कौल में रोड राजा चौक के उद्घाटन के दौरान।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक सतपाल ने किया पौधरोपण

- अब तक हल्के के विभिन्न 25 गांवों में 5600 पौधे लगाए गए है

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी विधायक सतपाल जांबा निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बरसात के इस अनुकूल मौसम में उन्होंने अब तक क्षेत्र के 25 गांवों में करीब 5600 पौधे रोपित कराए हैं। यह कार्य एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पर्यावरण हितैषी सोच से प्रेरित है। विधायक जांबा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक कर्तव्य है कि वह प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने घर, खेत, स्कूल, धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से पूंडरी 450, जांबा 450, फतेहपुर 350, सांच 250, सिरसल 250, संगरौली 250, साकरा 250, म्योली 250, टीक 250, धेरडू 170, आहूं 220, टयोंठा 200, कौल 200, सिकंदरखेड़ी 200, हाबड़ी 250, डुलियाणी 130, बुच्ची 130, सोलूमाजरा 120, मटरवा खेड़ी 120, मोहना 150, रसीना 250, दुसैण 100, अहमदपुर 100, रावणहेड़ा 100, मुन्नारेहड़ी 100 और नेशनल हाईवे 152डी पर 300 पौधे शामिल हैं। 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए विधायक ने कहा, जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी समाज स्वस्थ रहेगा और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी देश विकास की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। यह पौधारोपण अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और हर गांव को हरियाली की मिसाल बनाया जाएगा।


पूंडरी। पौधारोपण करते विधायक सतपाल जांबा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 29 तक करें ऑनलाइन आवेदनः सुचिता गुप्ता

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम की प्राचार्या सुचिता गुप्ता ने बताया कि पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कैथल के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई 2025 तक किया जा सकता है। यह विद्यालय भारत सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पूर्णतः आवासीय एवं सह-शैक्षणिक है। 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा कैथल जिले के विभिन्न केंद्रों पर करवाई जाएगी। जिन विद्यार्थियां ने जिला कैथल के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के कक्षा पांच में अध्ययन कर रहे हैं, कैथल जिला के निवासी हैं और जिनकी आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के (दोनों तिथियां सम्मिलित) मध्य है, वे सभी विद्यार्थी परीक्षा में आवेदन के लिए पात्र होंगे। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार्य होगा।

**ये दस्तावेज अनिवार्य :** प्राचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि अभ्यर्थी का पासपोर्ट साइज फोटो, माता अथवा पिता के हस्ताक्षर, छात्र तथा छात्रा का जाति प्रमाण-पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र केंद्र सरकार की सूची वाला ही मान्य होगा।

## संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता : ज्योति सैनी

- जिले के विभिन्न मण्डलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की


ज्योति सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

भारतीय जनता पार्टी कैथल की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने आज जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न मण्डलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की। यह नियुक्तियाँ पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से विचार-विमर्श उपरांत की गई हैं। ज्योति सैनी ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना भारतीय जनता पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए मण्डल प्रभारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नवनियुक्त प्रभारी अपने-अपने मण्डलों में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करेंगे, जनसंपर्क को सशक्त बनाएंगे और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। कहा कि पार्टी एक विचार व अनुशासन आधारित संगठन है, और इन नियुक्तियों से मण्डल स्तर पर कार्यों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा। सभी प्रभारियों से अपेक्षा जताई कि वे पार्टी की विचारधारा, नीति व सिद्धांतों को आत्मसात कर सेवा भाव से कार्य करेंगे। घोषित मण्डल प्रभारियों की सूची निम्नलिखित है – विधानसभा क्षेत्र गुहला में गुहला मण्डल में शैली मुंजाल, कांग्थली मण्डल में रघुबीर फौजी, सीवन मण्डल में अवधेश किशोर राय, भागल मण्डल में मांगे राम जिन्दल वहीं विधानसभा क्षेत्र कलायत में कलायत मण्डल में जंगीर सिसला, बालू मण्डल में राममेहर शर्मा, राजौंद मण्डल में अजय प्रताप व जाखौली मण्डल में कुलविन्द्र राणा वहीं विधानसभा क्षेत्र कैथल (शहरी) में रवीन्द्र, क्योड़क मण्डल में शक्ति सौदा एडवोकेट, पाड़ला मण्डल में वीरेंद्र बत्रा व चंदाना गेट मण्डल में आशा रानी व विधानसभा क्षेत्र पुंडरी मण्डल में राजेश एडवोकेट, ढांड मण्डल में हर्ष सेठी व करोड़ा मण्डल में रोशन सैनी।

## गुरुब्रह्मानंद चौक के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास

- करीब 15 लाख की लागत से होगा चौक का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

पूंडरी के हृदय स्थल पर स्थित ऐतिहासिक गुरु ब्रह्मानंद चौक के नवनिर्माण कार्य का आज विधिवत रूप से शिलान्यास किया गया। इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्तित्व, जिन्होंने इस पुनीत कार्य को अपने सहयोग और संकल्प से गति दी। कुछ समय पूर्व एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से यह चौक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। चबूतरा, ग्रिल और आसपास का ढांचा पूरी तरह ध्वस्त हो गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में गहरी पीड़ा और आक्रोश व्याप्त हुआ। लेकिन इसी दुखद घटना ने क्षेत्रवासियों को एकजुट कर दिया और चौक के पुनर्निर्माण की दिशा में सामूहिक संकल्प लिया गया। इस पुनीत कार्य के नायक बने क्षेत्र के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता फतेह सिंह चोपड़ा ठेकेदार, नसीब ठेकेदार, ओमप्रकाश गोलन, नरेश कुमार व अन्य सम्मानित समाजसेवी, जिन्होंने सरल समाज के सहयोग से इस पुनर्निर्माण का जिम्मा उठाया। चौक निर्माण की अनुमानित लागत 15 से 16 लाख रुपए रखी गई है, जिसे जनचंदा से पूर्ण किया जा रहा है। यह केवल चौक नहीं, हमारी श्रद्धा, संस्कृति और समाजिक एकता का प्रतीक है, यह भाव सभी वक्ताओं के उद्बोधन में झलकता रहा। नवनिर्मित चौक पर गुरुब्रह्मानंद जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो आने वाली पीढ़यों को उनके संस्कार, विचार और शिक्षाओं से प्रेरित करेगी। वक्ताओं ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी ने समाज को समरसता, शिक्षा और नैतिकता की दिशा दी।


पूंडरी। गुरुब्रह्मानंद चौक के नवनिर्माण कार्य के दौरान क्षेत्र के समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### पीढ़ियों को देगा दिशा

कार्यक्रम के अंत में चौक निर्माण समिति ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट करते क्षेत्रवासियों से अपील की कि यह काम तब तक अधूरा है जब तक इसमें आपका निरंतर सहयोग शामिल न हो। यह चौक न केवल ईंट-पत्थर का ढांचा है, बल्कि यह संघर्ष, श्रद्धा और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बनकर आने वाली पीढियों को दिशा देगा।

## सेवा के लिए सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं आई आगे

- जगह जगह किए गए हैं खाने व ठहरने के प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

जिले में 26 व 27 जुलाई को 33 केंद्रों पर होने वाली सीईटी के परीक्षार्थियों की सहायता के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों के तहत सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं आगे आई हैं। इसके तहत इन संस्थाओं ने परीक्षार्थियों के लिए रहने और खाने की निशुल्क व्यवस्था करने का फैसला लिया। शहर के माता गेट स्थित सूर्यकुंड डेरा, गीता भवन मंदिर, ब्राह्मण धर्मशाला, प्रताप गेट स्थित रविदास मंदिर व सीवन रोड स्थित गुर्जर धर्मशाला और ऋषि नगर में जीवन रक्षक दल के कार्यालय परिसर में परीक्षार्थियों के रहने और खाने की व्यवस्था की जाएगी। संस्थाओं के पदाधिकारियों का कहना है कि उनके इस प्रयास का उद्देश्य है कि किसी भी पुरुष या महिला परीक्षार्थी को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करें। माता गेट स्थित सूर्यकुंड डेरे के महंत रमनपुरी ने बताया कि डेरे में दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए दो दिन तक ठहरने और खाने की निशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसमें किसी भी परीक्षार्थी से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सीवन रोड स्थित गुर्जर भवन के प्रधान सुरेश तंवर ने कहा कि कैथल की गुर्जर धर्मशाला में परीक्षार्थियों के रहने और खाने की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

**यहां रहेगी रहने और खाने की निःशुल्क व्यवस्था**

हेल्पलाइन नंबर

| | |
|---|---|
| सीवन रोड स्थित गुर्जर भवन धर्मशाला | 7206191399, 9416310778 |
| माता गेट स्थित सूर्यकुंड डेरा | 9812791008 |
| सिटी थाना के पास श्री गीता भवन मंदिर | 9416039888 |
| श्री सनातन धर्म मंदिर, क्वालिटी चौक, कैथल | 9996362643 |
| सीवन रोड पर ब्राह्मण धर्मशाला | 9416911123 |
| रविदास मंदिर प्रताप गेट | 9813212800, 9812736103 |
| ऋषि नगर में जीवन रक्षक दल का कार्यालय | 9813298937 |

**नोटः जिला प्रशासन ने परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए 1800-180-132, 01746-298928 व 01746-294040 यह नंबर जारी किए हैं।**

### दो किशोरियों की करवाई शादी, बाल विवाह का मामला दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने बाल विवाह करने के दो अलग अलग मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में कैथल शहर के एक व्यक्ति ने महिला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 सितंबर 2024 को प्योदा रोड कैथल पर दो पक्षों द्वारा मिलकर एक किशोरी का बाल विवाह कर दिया गया। मामले के जांच अधिकारी एएसआई रेनू ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर महावीर, रज्जो देवी, दीपक, मंजू देवी, कृष्णा पंडित तथा हरिकेश के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार से बाल विवाह के दूसरे मामले में कैथल की एक महिला ने महिला पुलिस को शिकायत दी है।

## आरकेएसडी महाविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

स्थानीय आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नात्तकोत्तर कक्षाओं में दाखिला प्रक्रिया जारी है।स्नात्तकोत्तर आवेदन प्रक्रिया में अभी तक 161आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार हैः एम ए अंग्रेजी 50 32, एम ए हिंदी 50 07, एम ए राजनीति विज्ञान 50 37, एम एस सी गणित 50 18, पीजीडी योगा 40 08, **सांध्यकालिन सत्रः** एम ए अर्थशास्त्र 40 14, एम काम 72 22 एम ए अंग्रेजी 40 13, एम ए राजनीति विज्ञान 44 08, पीजीडीसीए 40 02। स्नातक कक्षाओं में अभी तक कुल दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 1735 हो गई है। इनमें लड़कों की संख्या 1036 एवं लड़कियां 699 है । सुबह के सत्र में 1362 एवं सांध्यकालिन सत्र में अभी तक 373 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। विभिन्न कक्षाओं में फीस जमा कराकर दाखिला लेने वालो की संख्या इस प्रकार है।


कैथल। आरकेएसडी कालेज में दाखिला लेने पहुंचे युवा।

| कक्षा | सीटें | दाखिला |
|---|---|---|
| बीए | 560 | 538 |
| बीए सेल्फ फाइनेंस | 150 | 135 |
| बीए इवनिंग | 380 | 238 |
| बी. कॉम | 160 | 159 |
| बी. कॉम सेल्फ फाइनेंस | 80 | 68 |
| बी. कॉम इवनिंग | 220 | 84 |
| बी. कॉम इवनिंग आनर्स | 60 | 51 |
| बीएससी फिजिकल साईंस | 140 | 100 |
| **बीएससी फिजिकल साईंस** | | |
| सेल्फ फाइनेंस | 120 | 54 |
| बीएससी लाईफ साईंस | 80 | 83 |
| बीएससी लाईफ साईंस | 80 | 32 |
| **सेल्फ फाइनेंस** | | |
| बीएससी फिजिकल एजुकेशन | 55 | 53 |
| **(वित्त पोषित)** | | |
| बीसीए (वित्त पोषित) | 140 | 120 |
| बीबीए ( वित्त पोषित) | 70 | 69 |
| बी. कॉम -टैक्स ( वित्त पोषित) | 60 | 01 |
| बी. कॉम -इंश्योरस (वित्त पोषित) | 60 | 01 |
| **कुल 1735** | | |


पूंडरी। यूरिया खाद को लेकर नारेबाजी करते भूराराम पबनावा व अन्य किसान।

## खाद की भारी किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

पूंडरी की मार्केट कमेटी में संयुक्त किसान मोर्चा के आक्रोश का आज विस्फोट हुआ, जब सैकड़ों किसानों ने यूरिया खाद की भारी किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और विधायक से लेकर विभागीय अधिकारियों तक पर सीधा निशाना साधा। मोर्चा के महासचिव भूराराम पबनावा, अजीत सिंह हाबड़ी, बलवान पाई और ईशम सिंह पूंडरी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा अगर 2-3 दिन में यूरिया खाद की व्यवस्था नहीं हुई, तो सरकार के खिलाफ बड़ा फैसला लिया जाएगा। यह सिर्फ चेतावनी नहीं, किसानों की पीड़ा की अंतिम आवाज़ है। किसानों ने आरोप लगाया कि पूंडरी और आस-पास के क्षेत्रों में खाद की कालाबाज़ारी खुलेआम हो रही है। दुकानदारों द्वारा दवाइयों से गीला करके नकली खाद बेची जा रही है, जो किसानों की मेहनत और फसलों दोनों को बर्बाद कर रही है। विधायक सतपाल जांबा पर भी तीखा हमला बोलते हुए किसान नेताओं ने कहा विधायक जीरी के खेतों में लगाकर दिखावा कर रहे हैं। असली काम तो तब होगा जब वो किसानों को खाद दिलवाएं। ड्रामा नहीं, समाधान चाहिए।

### कृषि विभाग के डीडीए को भी किसानों ने घेरा

किसानों ने कहा कि डी.डी.ए. बाबूलाल मोबाइल रिसीव नहीं करते, ए.सी. ऑफिस में बैठे हैं जैसे कुछ हुआ ही नहीं। जब किसान धूप में लाइन में खड़ा है, तब अधिकारी चैन से कुर्सी पर क्यों? किसानों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि खाद वितरण में पारदर्शिता, बिचौलियों पर कार्रवाई और प्रशासनिक जवाबदेही नहीं आई।

## एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन नें मुफ्त डेंटल कैंप लगाया

**पूंडरी।** एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सहयोग से सरकारी सीनियर सेकेंडरी विद्यालय मूंदड़ी में बच्चो और शिक्षक का मुफ्त डेंटल चेकअप और गुड टच बैड टच , पर्सनल हाइजीन के बारे में जानकारी दी गई। डेंटल चेकअप सिंगला डेंटल क्लिनिक (पिहोवा चौंक ) की डॉक्टर प्रांजल गाबा (बीडीएस डेंटल सर्जन) के सहयोग से और पर्सनल हाइजीन की जानकारी डॉक्टर मनीषा मंगल की तरफ़ से दी गई। कार्यक्रम संयोजक सतबीर सिंह मूंदड़ी समाजसेवी रहे , कार्यक्रम की शुरूआत पोधारोपण से की गई। स्कूल में 5 पौधे लगाये गए, उसके बाद डॉक्टर ने स्कूल के सभी छात्रों का डेंटल चेकअप किया और टूथब्रश वितरित किया गया। डॉक्टर प्रांजल गाबा ने बच्चों को दाँतो की सफ़ाई के बारे में अच्छे से समझाया।डॉ. मनीषा मंगल ने लड़कियों को गुड टच बैड टच एंड पर्सनल हाइजीन के बारे में बताया।


पूंडरी। बच्चों क़ी जांच करते डा. प्रांजल गाबा।

### प्रताड़ित करने के मामले में बेल जंपर आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा उद्घघोषित अपराधी गांव राजपुरा भैण जिला जींद निवासी विक्रम को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी विक्रम पर वर्ष 2021 दौरान अपनी पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप है। जिस बारे महिला थाना में मामला दर्ज हैं। आरोपी विक्रम को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था, लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 1 जुलाई 2025 को पीओ घोषित कर दिया था।

### नीमा संगठन के साथ पीएनडीटी अधिनियम को लेकर बैठक सम्पन्न

## बेटियों की रक्षा के लिए सरकार संकल्पबद्ध : डॉ. रेणु चावला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

जिला सिविल सर्जन कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण और आपात बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भ्रूण हत्या जैसे संगीन अपराध के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाना और जनचेतना फैलाना था। इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला ने की।

बैठक में नीमा संगठन के प्रतिनिधियों सहित जिले के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में डॉ. रेणु चावला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव कन्या भ्रूण हत्या को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। यह न केवल एक सामाजिक अपराध है, बल्कि मानवता के विरुद्ध भी है। सरकार की प्राथमिकता है कि बेटियों को सुरक्षित जन्म और गरिमा पूर्ण जीवन मिले। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन निषेध अधिनियम की सख्ती से पालना करवाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भपात में सहायक औषधियों की अवैध बिक्री और दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग विशेष निगरानी रखेंगा।



कैथल। जिला सिविल सर्जन डा. रेनू चावला नीमा संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए।

### नीमा संगठन ने जताया पूर्ण सहयोग

बैठक में नीमा संगठन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। नीमा जिला इकाई के सचेतक डॉ. राजिंदर छाबड़ा ने कहा नीमा संगठन हमेशा समाजहित में कार्य करता आया है और आगे भी करेगा। जो भी चिकित्सक पीएनडीटी अधिनियम की अवहेलना करते पाए जाएंगे, उन्हें उजागर करने में संगठन स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करेगा। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि हम बेटियों की रक्षा करें और समाज को जागरूक बनाएं।

### प्रशासन और चिकित्सकों की साझा अपील

डॉ. बलविंद्र ने बैठक में कहा कि बीएएमएस चिकित्सकों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर इस सामाजिक कुरीति के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा तभी समाप्त होगी जब चिकित्सा समुदाय स्वयं इसे गंभीरता से ले और सरकार के निर्देशों का पूर्ण पालन करे। बैठक में पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार, जिला औषधि नियंत्रक चेतन वर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, नीमा इकाई के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. बाबू राम यादव, डॉ. राजिंदर ठकराल, और पुंडरी और गुहला चीका इकाई के वरिष्ठ चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत संचालित सभी चिकित्सा इकाइयों की नियमित जांच की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आधारशिला स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** आधारशिला स्कूल में मातृ-पितृ दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलकेजी कक्षा से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों सहित अभिभावकों ने भाग लिया। अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें गीत, लघु नाटिका, नृत्य आदि रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने अभिभावकों के प्रति अपनी कृतज्ञता अभिव्यक की।

### नन्हे-मुन्नों ने दी प्रकृति के संरक्षण की सीख

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की प्राथमिक शाखा सैंपलिंग विंग में ग्रीन डे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण में चारों ओर हरियाली की छटा बिखरी हुई दिखाई दी और नन्हे-मुन्ने बच्चे हरे रंग की पोशाकों में सजधज कर विद्यालय पहुंचे। यह आयोजन प्राथमिक विभाग की काऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा की देखरेख में संपन्न हुआ।

### किसान 31 जुलाई तक करवाएं फसल बीमा

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबू लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी को खरीफ -2025 के बीमा के लिए, हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार अधिकृत किया हुआ है। इस स्कीम के अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए धान, बाजरा, मक्का, व कपास अधिसूचित किया गया है।

### चोरों ने सबमर्सिबल पंप की तार चुराई

**कैथल।** गांव रामथली के सरकारी पानी की टंकी से चोर सबमर्सिबल पंप की तार चुरा कर ले गए। गांव रामथली के साहब सिंह ने बताया कि 22 जुलाई को चोर गांव की सरकारी पानी की टंकी के सबमर्सिबल पंप की बिजली की तार चुरा कर ले गए। चुराई गई तार की कीमत 6500 बताई गई है। मुख्य सिपाही विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. अंबेडकर कॉलेज में रोजगार मेला 28 को

**कैथल।** युवाओं को रोजगार व अप्रैंटिसशिप के लिए 28 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ममता कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में एकांश मोटर्स, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, पुखराज, एलआईसी जीवन बीमा, भारत फाइनेंशियल इन्क्लूशन व एसआईएस सिक्योरिटी आदि प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी।

### गाड़ी में शराब तस्करी के आरोपी को किया काबू

**कैथल।** अवैध शराब तस्करों पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा थाना सीवन क्षेत्र से नाकाबंदी दौरान गाड़ी में शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 552 बोतल देशी व अंग्रेजी शराब बरामद होने उपरांत तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी को जब्त कर लिया गया।

### छह दुकानों व कार्यालयों के एसी आउटर चोरी

**जींद।** सफीदों में दुकानों पर लगे आधा दर्जन एसी आउटरों को बीती रात चोरों ने चोरी कर लिया। सफीदों निवासी संजय ने बताया कि बीती रात चोरों ने नगर पालिका रक्बा में उसकी दुकान तथा उसके साथ लगती अन्य दुकानों तथा व्यक्तिगत कार्यालयों के ऊपर रखे छह एसी आउटरों चुरा लिए।

### जरूरतमंद कन्याओं का विवाह समारोह 17 को

**कैथल।** श्री श्याम हरी सेवा ट्रस्ट कैथल की ओर से 11 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह समारोह 17 अगस्त को महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। प्रधान सतीश शर्मा ने यह जानकारी दी।

---

#### टीम के आगमन से पहले वीरवार को तैयारियों में जुटे रहे अधिकारी

# आज डीजी हेल्थ 30 सदस्यीय टीम के साथ करेंगे जींद अस्पताल का निरीक्षण





**जींद।** नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी वार्ड के सामने हाल को किया गया चकाचक। *फोटो: हरिभूमि*

### स्वच्छता पर विशेष ध्यान, शाम को भी काम करते दिखे कर्मी, अस्पताल व्यवस्था बनाने में जुटा अस्पताल प्रशासन

हरिभूमि न्यूज :जींद

स्वास्थ्य महानिदेशक के नेतृत्व में 30 सदस्यीय चिकित्सक टीम शुक्रवार को जींद के नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान टीम द्वारा बारिकी से अस्पताल का निरीक्षण किया जाएगा और लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का आंकलन किया जाएगा। पिछले काफी समय से अस्पताल में व्यवस्थाएं लचर हैं और अस्पताल प्रशासन लगातार बजट का रोना रो रहा है। बजट के अभाव में न तो दवाएं पूरी मरीजों को मिल पा रही हैं और न ही सुविधाएं। डीजी के दौरे को लेकर विभाग ने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है।

#### *व्यवस्थाएं बनाने में जुटे अधिकारी*

*स्वास्थ्य महानिदेशक के नेतृत्व में आ रही 30 सदस्यीय टीम हर उस स्वास्थ्य सुविधा की जांच करेगी, जिसको अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करवाया जाता है। महानिदेश के दौरे को देखते हुए अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को चकाचक किया गया। इमरजेंसी वार्ड के सामने हॉल को पेंट करवाया गया। जहां से महानिदेशक एंट्री करेंगे वहां रंग करवाया गया। अस्पताल स्वच्छता को लेकर चकाचक नजर आया। शव गृह प्रांगण में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अस्पताल के शौचालयों की अच्छे से सफाई की गई। दीवारों पर कहीं गंदगी नजर न आ, इसको लेकर विशेष सफाई की गई। फ्यूज हुई लाइटों को बदला गया। आयुष विंग के पास हर समय रहने वाले गंदे पानी को साफ किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी वीरवार रात तक अस्पताल में व्यवस्थाएं बनाने में लगे रहे।*

***दिए हैं निर्देश:*** *सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि महानिदेशक के दौरे को देखते हुए कर्मचारियों व अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जींद अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।*

#### 30 सदस्यीय टीम

पिछले दो दिन से सार्थक टीम फिल्ड में है और लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी जुटा रही है। अब खुद स्वास्थ्य महानिदेशक जींद दौरे पर हैं। ऐसे में शुक्रवार को महानिदेशक के नेतृत्व में 30 सदस्यीय टीम अस्पताल में सुविधाओं की नब्ज टटोलने का काम करेगी। दौरे को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। सिविल सर्जन, पीएमओ द्वारा ने नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मियों को आदेश दिए हैं कि कोई भी अपने कार्य में लापरवाही न बरते। वीरवार को अधिकारी अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं को बेहतर बनाने में जुटे रहे। इसके अलावा नोडल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यों को लेकर विशेष व्यवस्थाएं बनाने में लगे रहे। इसके अलावा जब तक स्वास्थ्य महानिदेशक का निरीक्षण नहीं हो जाता तब तक कोई भी अधिकारी व कर्मचारी अपनी डयूटी से नदारद नहीं रहेगा।

---





#### सार्थक टीम ने खोली नरवाना अस्पताल की पोल

## प्रवेश द्वार पर नहीं मिली लाइट, ईटों पर टिके मिले दरवाजे, कर्मियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सार्थक टीम ने नरवाना के नागरिक अस्पताल का निरीक्षण एनएचएम महानिदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव की अगुवाई किया। अस्पताल नरवाना में अव्यवस्थाओं पर डॉ. वीरेंद्र यादव बुरी तरह भडक़ गए। गंदगी, टूटी-फूटी व्यवस्था और कर्मचारियों की लापरवाही देख उन्होंने सभी को कड़ी फटकार लगाई। डॉ. यादव ने मुख्य द्वार पर बोर्ड नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मरीजों को कैसे पता चलेगा यह अस्पताल है। प्रवेश द्वार पर लाइट नहीं होना और दरवाजे को ईंट के सहारे टिकाकर रखना देख उनका गुस्सा और बढ़ गया। कर्मचारियों से तीखे अंदाज में सवाल किया क्या अपने घर में भी दरवाजे ऐसे ही टिकाते हो। निरीक्षण के दौरान मरीजों के आधार कार्ड टंगे देख डॉ. यादव भडक़ उठे। जिन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को फटकारते हुए कहा कि बिना अनुमति किसी की निजी जानकारी सार्वजनिक करना अपराध है। इमरजेंसी में लटकते तार देखकर डॉ. यादव ने मौके पर इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर 36 से 40 घंटे में सुधारने के आदेश दिए।

#### 5 एस पर साध ली चुपी

5 एस व्यवस्था की जानकारी मांगने पर अधिकांश स्टाफ चुप नजर आया, जिस पर उन्होंने कहा रट्टा मत लगाओ, सही से समझो। लैब में भी बदइंतजामी उजागर हुई। हाथ धोने की प्रक्रिया जांचने के लिए कहने पर लैब टेक्नीशियन सही तरीके से हैंडवॉश नहीं कर सका। अधिकांश कर्मचारी भी मानक प्रक्रिया के अनुसार हाथ धोने में नाकाम रहे। ऑपरेशन थिएटर के बाहर रखी चप्पलों के उपयोग को लेकर भी स्टाफ कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जच्चा-बच्चा कक्ष से लेकर वार्डों तक हर जगह गंदगी और अव्यवस्था ने अस्पताल की हकीकत खोल दी।

#### ...होगी सख्त कार्रवाई

टीम पिछले दो दिनों से जिले के अस्पतालों का निरीक्षण कर रही है व शुक्रवार को भी जारी रहेगा। टीम द्वारा की गई जांच के बाद पाई गई खामियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। महानिदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि निरीक्षण का उद्देश्य केवल खामियां ढूंढना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान अगर किसी स्वास्थ्यकर्मी या कर्मचारी की लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

---

## पीजी कोर्स: दाखिले का शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पीजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया है। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार विद्यार्थी 16 जुलाई से लेकर 28 जुलाई तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऐसे में पीजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास चार दिन बचे हैं। वहीं कॉलेजों की दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों की जांच का कार्य 29 जुलाई तक किया जाएगा। 30 जुलाई को पहली प्रोविजनल और 31 जुलाई को फ ाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा। उनके पास एक अगस्त से लेकर चार अगस्त तक फ ीस जमा करवाने का समय रहेगा। पहली मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों पर पांच अगस्त से फि जिकल काउंसलिंग के तहत दाखिले होंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा छह अगस्त को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। छह अगस्त से लेकर 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फ ीस के साथ दाखिले होंगे। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने कहा कि इसके बाद भी अगर सीट खाली बच जाती हैं तो उसके लिए 13 अगस्त से लेकर 19 अगस्त तक फि जिकल काउंसलिंग चलेगी। जिसमें पहले वाले 100 रुपये और हर रोज 100 रुपये लेट फ ीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। शहर के राजकीय महिला कॉलेजए राजकीय पीजी कॉलेज, हिंदू कॉलेज और सफ ीदों के राजकीय कॉलेज में पीजी के कोर्स हैं।

#### राजकीय पीजी कॉलेज में आए आवेदनों की संख्या

| संकाय | कुल सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| एमए इकोनॉमिक्स | 40 | 26 |
| एमए इंग्लिश | 40 | 38 |
| एमए हिंदी | 40 | 38 |
| एमकॉम | 60 | 46 |
| एमएससी मैथमेटिक्स | 40 | 25 |
| पीजीडीसीए | 60 | 25 |
| कुल | 280 | 167 |

- विद्यार्थी 16 से 28 जुलाई तक पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन
- 31 जुलाई को होगी मेरिट लिस्ट जारी

---

## विकास पर खर्च होंगे चार करोड़: मिड्ढा

- डाइट ईक्कस में साढ़े पांच लाख की कीमत से लगेगा सोलर पैनल, पिंडारा तीर्थ में लगेगा फव्वारा
- ग्रामीण में डेढ़ करोड तो शहरी क्षेत्र में अढ़ाई करोड़ से होंगे विकास कार्य : डा. मिड्ढा



हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने डी प्लान के तहत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में 78 कार्यों के लिए लगभग चार करोड़ रुपये की राशि जारी हुई है। इन कार्यों के पूरा होने पर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र को लाभ पहुंचेगा। ग्रामीण क्षेत्र में डेढ़ करोड तो शहरी क्षेत्र में अढ़ाई करोड़ से अधिक के विकास कार्य होंगे।

डाइट ईक्कस में साढ़े पांच लाख की कीमत से सोलर पैनल सिस्टम, बरसोला तथा संगतपुरा में नौ लाख से मोगा सुदृढिकरण, रायचंदवाला में चार लाख 95 हजार से बाउंड्रीवॉल, अहिरका में नौ लाख से बैरागी व वाल्मीकि चौपाल, दो लाख से आंगनवाड़ी, चार लाख 95 हजार से शमशान घाट बरामदा, नौ लाख से गली निर्माण होंगे। बरसोला में चार लाख 98 हजार, घिमाना में दो लाख 50 हजार, ईंटल कलां व ईंटल खुर्द में सात लाख से विकास कार्य होंगे। झांज कलां, जीतगढ़, कंडेला, खुंगा, लोहचब, मांडो में दस लाख से भी अधिक के विकास कार्य होंगे। पिंडारा तीर्थ में चार लाख 96 हजार की लागत से फव्वारा, दो लाख 20 हजार से हाई मस्क लाइट, प्राइमी स्कूल का शेड व 9 लाख नायक चौपाल पर खर्च होंगे।

#### शहरी क्षेत्र में होंगे ये कार्य

रामनगर स्थित आर्य समाज सोसायटी में पांच लाख 50 हजार से पांच किलोवाट का सोलर पैनल, लोको कालोनी में चार लाख 90 हजार से ओपन जिम, पुलिस लाइन में साढ़े लाख से ओपन जिम, ज्वाहर नगर में गली निर्माण चार लाख 60 हजार से, परशुराम चौक पर बस स्टॉप शेल्टर पर चार लाख 60 हजार, चार लाख से पुलिस लाइन में ट्रैक, नेहरू पार्क में वॉटर फॉल पर नौ लाख 90 हजार, शिव भूमि पर शमशान घाट में नौ लाख 90 हजार, चंद्र लोक कालोनी शमशान घाट पर साढ़े चार लाख, शिव चौक फाउंटेन पर चार लाख 97 हजार, छोटूराम चौक निर्माण पर चार लाख 95 हजार रुपये खर्च होंगे। पटियाला चौक पंजाबी धर्मशाला में 4 लाख 98 हजार, वार्ड 21 से वार्ड 24 में लाखों रुपये गली निर्माण सहित अन्य कार्य करवाए जाएंगे। रेडक्रॉस वुमेन हॉस्टल के विकास पर चार लाख 90 हजार व शहर की कालोनियों में सीवरेज लाइन बिछाने पर 20 लाख से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। शहरी क्षेत्र में दो करोड़ 48 लाख से अधिक के विकास कार्य होंगे।

#### तय समय में करें पूरा : डॉ. मिड्ढा

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नही है। उन्होंनें संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि विकास कार्य तय समय में पूरे किए जाएं।

---




### सीजेएम ने किया कम्युनिटी सेंटर का निरीक्षण

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने ग्राम पंचायत नगूरां स्थित कम्युनिटी मीडिएशन सेंटर का निरीक्षण किया। यह दौरा वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण स्तर पर न्यायिक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और लोगों को न्याय तक सरल पहुंच दिलाने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने सेंटर में कार्यरत मध्यस्थतों से बातचीत की तथा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से स्थानीय निवासियो के भूमि विवाद, घरेलू झगड़े, लेनदेन आदि कई मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाया जा सकता है। इसमें ना केवल समय व पैसे की बचत होती है बल्कि लंबी अदालती प्रक्रिया से राहत मिलती है। निरीक्षण के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर उनके लिए न्याय प्राप्ति का सरल और प्रभावी माध्यम बन सकता है। लोगों को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके। इस प्रकार के सेंटर ग्रामीण क्षेत्र में कानूनी साक्षरता मिशन को बढावा देना है।

---

## हरियाणा की संस्कृति में हरियाली तीज का खास महत्व

- पहले चार माह तक चलते थे कार्यक्रम, अब खो रहा पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



हरियाली तीज का हरियाणवी संस्कृति में विशेष महत्व है। हरियाणा में कहावत है कि आई तीज बिखरेगी बीज एआई होली भरगी झोली। वर्षा ऋतु के शुरू होते ही श्रावण मास में श्रर्वण, मनन, चिंतन, अध्ययन. अध्यापन के लिए आम जनमानस के मध्य गांव और नगर में आते थे। यह कार्यक्रम 4 माह कार्तिक की पूर्णमासी तक चलता था। इस दौरान आम जनमानस को वैदिक धर्म के सामाजिकए सांस्कृतिक जीवन मूल्यों और परंपराओं की रक्षा सुरक्षा के लिए ज्ञान विज्ञान के प्रचार प्रसार का विधान रहा। परिवार और रिश्तेदारी का आधार पर प्रगाढ़ करने के लिए तीज त्यौहार के उपलक्ष में बहू और पुत्री के सम्मान स्वरूप सेंधारा और कोथली का प्रचलन रहा है। वर्षा काल में विशेष कर श्रावण मास में माताएं सरसों के तेल में सुआलीए गुलगुले एवं खांड .कसार कोथली के रूप में विवाहिता छोहरी के ससुराल भेजती थी।

---

## कर्मियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- 28 को काले बिल्ले लगाकर काम करेंगे चिकित्सक व कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपते चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी।

जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के विरोध में प्रदेश के सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी 28 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रकट करेंगे। चार अगस्त को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटे कार्य का बहिष्कार करेंगे। इसे लेकर गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी के पदाधिकारियों ने सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के माध्यम से सरकार को अग्रिम सूचना बारे ज्ञापन दिया। तालमेल कमेटी के नेता डा. विजेन्द्र ढांडा, राममेहर वर्मा ने बताया कि चार अगस्त को कार्य के बहिष्कार के साथ सीएमओ कार्यालय पर गेट मीटिंग करके ज्ञापन भी देंगे। उन्होंने सरकार सरकार को आगाह किया कि यदि इसके बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेशों को वापिस नहीं लिया गया तो 10 अगस्त को पुनरू मीटिंग करके अगले आन्दोलन का ऐलान कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री के भरोसे के बावजूद कुछ अधिकारी जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के आदेश गैर कानूनी हैं।

---

#### अमावस्या को दान पुण्य करना सबसे अधिक फलदायी

# हरियाली अमावस्या: श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** हरियाली अमावस्या पर पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाने के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर वीरवार को हरियाली अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान कर पितृ तर्पण किया और सुखद भविष्य की कामना की। अमावस्या को देखते हुए तीर्थ पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर बुधवार शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। गुरूवार अल सुबह ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।

#### यह पर्व जीवन में पर्यावरण को देता है महत्व: शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास में पडऩे वाली अमावस्या को हरियाली अमावस्या या श्रावणी अमावस्या कहते हैं। हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को विशेष तिथि के रूप में देख जाता है। इस दिन पूर्वजों के निमित्त पिंडदान एवं दान, पुण्य के कार्य किए जाते हैं। हरियाली अमावस्या पर्व जीवन में पर्यावरण के महत्व को भी बताता है। इस दिन नए पौधे लगाए जाएं तो जीवन के सारे कष्ट दोष दूर हो जाते हैं और सुख-समद्धि का आगमन होता है। यह तिथि किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस दिन किसान अपने खेती में उपयोग होने वाले उपकरणों की पूजा करते हैं और ईश्वर से अच्छी फसल होने की कामना करते हैं।

---




### सकसं ने केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जताया रोष

**जींद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर गुरूवार को जिला जींद की विस्तारित बैठक जिला प्रधान संजीव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सहसचिव अनिल शर्मा ने किया। जिला प्रधान संजीव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी आर्थिक उदारीकरण की नीतियां तेजी से लागू कर रही है। जिससे लगातार महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है। केंद्र व राज्य सरकार जाति व धर्म के नाम पर लोंगो का ध्यान बढऩे पर लगी हुई है ओर आने वाले 20 जुलाई 2025 से 20 सितंबर 2025 तक ब्लॉक स्तर पर चुनाव करेंगे और सरकार अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है। मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियो के खिलाफ कर्मचारी व जनता तक जाएंगें।